तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025


11 कॉलेज में छात्रों को मिली साइबर अपराधों से सुरक्षा की सीख



12 कृषि कॉलेज को लेकर ग्रामीण पहुंचे विधायक...






प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, तीन घायल

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 सी में नवागढ़ के सामने मोड़ पर तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई जिससे तीन लोग घायल हो गये है। मिली जानकारी के अनुसार ओड़िशा से गरियाबंद की तरफ जा रहे कार इतना तेज रफ्तार था कि मोड़ में सीधे घुस गई और पेड़ से टकरा गई जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गया है और कार में सवार तीन लोग घायल होने की जानकारी मिली है। यह घटना सोमवार रात्री 8 बजे की बताई गई है।

### गुरजीभाठा में चरण पादुका का हुआ वितरण



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना महिला चरण पादुका का आज प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित तेतलखूटी पंजीयन क्रमांक 257 के फड़ ग्राम गुरजीभांठा में तेंदूपत्ता संग्राहकों के महिलाओं को समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह पाथर, लंबोदर साहू समिति सदस्य एवं महामंत्री भाजपा मंडल गोहरापदर भोजराज मांझी सरपंच एवं राजेन्द्र यादव उपाध्यक्ष पिवमो के द्वारा चरण पादुका वितरण किया गया।इस अवसर पर तुलसी पाथर समिति प्रबंधक, छगन लाल धुव फड़ मुंशी, खगेश्वर नियाल, रंजीत यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अगरबत्ती फैक्ट्री में चोरी

**महासमुंद।** भलेसर रोड स्थित अगरबत्ती फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी निलेश कुमार पटेल ने बताया कि उसकी अगरबत्ती फैक्ट्री ग्राम भलेसर रोड कमल राईस मिल के सामने स्थित है। 23 अगस्त को दोपहर 3 बजे अपने फैक्ट्री जाकर देखा तो उसके सामने गेट का ताला टूटा हुआ था। फैक्ट्री के अंदर रखा पुरानी ईस्तमाली सामान 05 एजाज मशीन का मोटर, एक नग मिक्सर मशीन का मोटर, बंबू स्टिक, कलर पैकेट, स्टेबलाईजर, अगरबत्ती सेंट, 05 बेग जोश पाउडर, एक नग कैमरा चोरी हो गए थे।

**जागी उम्मीद :** सिंचाई विभाग ने किया दावा अटल सिंचाई योजना के तहत सलफ जलाशय जल्द लेगा मूर्तरूप

# गलतफहमी के चलते 44 सालों तक रूका रहा सलफ जलाशय प्रोजेक्ट, सिंचाई विभाग के दावे से जगी आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बहुप्रतीक्षित सलफ जलाशय बांध परियोजना बीते 44 वर्षों से अधर में लटकी हुई है। निर्माण कार्य 80 प्रतिशत पूरा होने के बाद भी एक विचित्र गलती के चलते इसे रोक दिया गया। जब पर्यावरण विभाग की टीम ने 20-25 नग कोसम के पेड़ों को ग्रामीणों की स्थानीय बोली "लाख का पेड़" कहने पर 20-25 लाख पेड़ समझ लिया। इस गलतफहमी ने न केवल परियोजना को ठप कर दिया बल्कि क्षेत्र के हजारों किसानों की उम्मीदें भी वर्षों से अधूरी पड़ी हैं।

■ परियोजना को पुरा करने सैकड़ों बार किया जा चुका है धरना प्रदर्शन व आंदोलन

अब सिंचाई विभाग ने जानकारी दी है कि पर्यावरणीय आपत्तियों को दूर कर अटल सिंचाई योजना के अंतर्गत 30 करोड़ रुपये का प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा गया है। उम्मीद की जा रही है कि यह योजना जल्द ही फिर से शुरू होगी और मैनपुर क्षेत्र की 2000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा।





**अब जागी नई उम्मीद**

सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन ने बताया कि पर्यावरणीय आपत्तियों का समाधान कर लिया गया है और 30 करोड़ रुपये का प्रस्ताव अटल सिंचाई योजना के तहत मंत्रालय भेजा गया है। मंत्रालय में समीक्षा भी हो चुकी है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही कार्य शुरू होगा।

### पर्यावरणीय भ्रम ने रोका निर्माण

1979 में शुरू हुए सलफ जलाशय का निर्माण कार्य तीन वर्षों तक तेजी से चला। लेकिन निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा 20-25 कोसम के पेड़ों को 'लाख का पेड़' कहे जाने पर, पर्यावरण मंत्रालय की टीम ने इसे 20-25 लाख पेड़ समझ लिया और आपत्ति दर्ज कर दी। इस वजह से परियोजना वर्षों तक ठप्प रही।

### जनप्रतिनिधियों का भी मिला समर्थन

सलफ जलाशय मेरी पहली प्राथमिकता है। मैंने विधानसभा में दो बार मुद्दा उठाया और मुख्यमंत्री व वन मंत्री को फाइलें सौंप चुका हूं।

**-जनक ध्रुव,** विधायक





हमारी सरकार की प्राथमिकता में यह परियोजना है और मैंने भी इसकी पैरवी की है।

**- डमरूधर पुजारी,** पूर्व विधायक, भाजपा





### अब तक के हुए कार्य और मुआवज़ा

बांध स्थल पर पहाड़ियों को जोड़ा जा चुका है, साथ ही करीब 6 किमी लंबी नहर का भी निर्माण हो चुका है। मुआवज़ा वितरण भी सरकार द्वारा कर दिया गया है। किसान कई बार धरना, प्रदर्शन, और मुख्यमंत्री से लेकर संबंधित मंत्रियों तक ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन परियोजना अब तक अधूरी ही है।

# शव वाहन नहीं मिलने पर खाट पर ले जाना पड़ा शव, कलेक्टर ने कहा- घटना बेहद दुखद

**कलेक्टर ने जताया खेद, कहा – ऐसी घटना दोबारा न हो, प्रशासन रखेगा विशेष ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी अंचल मैनपुर में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। ग्राम अमलीपदर की एक वृद्ध महिला इच्छाबाई पटेल (60) की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। लेकिन शव ले जाने के लिए न शव वाहन मिला, न एम्बुलेंस, और ना ही कोई सरकारी सहयोग।

■ बारिश में परिजन खाट पर ढोते रहे मां का शव, सिस्टम की संवेदनहीनता उजागर

मजबूरी में परिजनों ने शव को खाट पर रखकर बारिश में करीब दो किलोमीटर तक पैदल सफर किया। आंखों में आंसू, कंधों पर मां का शव और दिल में सिस्टम की लाचारी – यह मंजर जिसने भी देखा, भावुक हो उठा। परिजनों ने बताया कि उन्होंने एंबुलेंस मांगी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने साफ इनकार कर दिया। प्राइवेट वाहनों ने 4-5 हजार रुपए की मांग की, जो उनके लिए संभव नहीं था।


अस्पताल से शव ले जाने के लिए नहीं मिली एंबुलेंस, खटिया पर ले गए परिजन

**सिस्टम ने हमें बेसहारा छोड़ दिया** – मृतका के पुत्र दीपचंद पटेल ने फफकते हुए कहा कि हमने हर जगह मदद मांगी, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। एक मां की लाश लेकर बारिश में पैदल चलना पड़ा। ये कैसा सिस्टम है? गांव वालों ने भी इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रहा है और अब शव वाहन जैसी बुनियादी सुविधा भी नहीं मिलना अमानवीय है।

**कलेक्टर ने जताया खेद-** हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है, ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शव वाहन उस समय देवभोग में था और ख़राब स्थिति में होने के कारण समय पर नहीं पहुँच पाया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वाहन की मरम्मत कराई जाएगी और ऐसे मामलों में भविष्य में विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

# रोजगार सहायिका पर बड़ी गड़बड़ी के आरोप, कलेक्टर से हुई शिकायत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

फिंगेश्वर विकासखंड की ग्राम पंचायत लफंदी में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां की रोजगार सहायिका दिलेश्वरी साहू पर आरोप है कि उन्होंने हितग्राहियों के नाम पर फर्जी मस्टररोल बनाकर लाखों रुपये का गबन किया। ग्रामीणों का कहना है कि मस्टररोल में ऐसे नामों को भी शामिल किया गया, जो गांव में रहते ही नहीं हैं।

■ रोजगार सहायिका पर हितग्राहियों के नाम से लाखों की गड़बड़ी का आरोप

योजना के अनुसार, एक हितग्राही को 1,30,000 नकद सहायता और मनरेगा मस्टररोल के



माध्यम से 25,000 तक की मजदूरी मिलती है। लेकिन लफंदी पंचायत में वास्तविक लाभार्थियों को यह राशि नहीं मिली। मस्टररोल नंबर 2611 और 5286 सहित कई मस्टरों में फर्जी नाम और भुगतान दर्ज किए गए हैं। ग्रामीणों द्वारा पूछताछ करने पर सहायिका ने धमकी देते हुए जवाब दिया, शिकायत कर लो, मेरा कोई कुछ ▶▶|शेष पेज 10 पर

# अवैध गौवंश तस्करी पर गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 8 गौवंश बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर/फिंगेश्वर

थाना फिंगेश्वर क्षेत्र में अवैध गौ-तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। प्रार्थी चुमेन्द्र साहू की सूचना पर थाना प्रभारी गौतम धौवड़े ने अपनी टीम के साथ एक टाटा 407 वाहन (सीजी 23 एफ 1590) को घेराबंदी कर रोका, जिसमें 08 नग गौवंश को बिना चारा-पानी के



क्रूरता से ले जाया जा रहा था। वाहन उड़ीसा के टेंगनाबास की ओर जा रहा था। पुलिस ने मौके पर तीन आरोपियों—मोहन खुंटे, खेमन सिन्हा और चेतन निषाद को गिरफ्तार किया, जो गौवंश को अवैध रूप से बेचने की नीयत से ले जाने की बात स्वीकार किए। उनके पास न कोई वैध दस्तावेज था और न ही पशु परिवहन की अनुमति। आरोपियों पर छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 और बीएनएसएस ▶▶|शेष पेज 10 पर

# 71 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पुलिस ने नशे के विरुद्ध जारी "नया सवेरा अभियान" के तहत थाना गरियाबंद क्षेत्र के ग्राम आमझर में छापेमारी कर 71 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में तीन अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आमझर में अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिस पर तीन टीमों ने रेड कर कार्रवाई की। पहले मामले में



आरोपी कृष्ण कुमार सोरी (28) के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दूसरे मामले में महिला आरोपी फुलबासन (36) से 20 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। तीसरे मामले में गोविंदा सोरी (20) के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब और देशी शराब कुल 31 लीटर जब्त की गई। कुल 71 लीटर अवैध शराब पुलिस ने बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7 हजार रुपये बताई गई है। इसमें महुआ शराब के साथ-साथ देशी शराब भी शामिल है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई।

**एसबीआई और गरियाबंद पुलिस की संयुक्त पहल, छात्रों को बताया- साइबर सुरक्षा का मूलमंत्र**

# कॉलेज छात्रों के लिए मैनपुर में हुआ साइबर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आज के डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन अपराधों से युवाओं को सचेत करने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में गरियाबंद पुलिस एवं एसबीआई शाखा मैनपुर द्वारा संयुक्त रूप से साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए और उन्होंने साइबर सुरक्षा को लेकर गहराई से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में थाना राजिम की टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड के नए तरीकों, जैसे अनजान लिंक पर क्लिक करना, अज्ञात कॉल पर ओटीपी साझा करना, फर्जी डिजिटल अरेस्ट की धमकी और बैंक खातों का किराए पर देना जैसे खतरों से आगाह किया। वहीं एसबीआई की टीम ने ऑनलाइन बैंकिंग सुरक्षा, एटीएम फ्रॉड, फर्जी जॉब ऑफर और सोशल मीडिया से जुड़ी सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

■ डिजिटल फ्रॉड से बचाव के लिए ओटीपी, बैंक डिटेल और लिंक शेयर न करने की दी सलाह



### साइबर क्राइम से ऐसे बचें

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ भी नहीं होता। कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल पुलिस द्वारा की जाती है। यदि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मिले अज्ञात लिंक, कॉल या लुभावने ऑफर से सावधान रहें।

**बैंकिंग सुरक्षा के मूल मंत्र-** एसबीआई मैनपुर शाखा के अधिकारियों ने छात्रों से कहा कि वे कभी भी अपना ओटीपी, डेबिट/क्रेडिट कार्ड डिटेल किसी से साझा न करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सिर्फ विश्वसनीय वेबसाइट्स का ही उपयोग करें और किसी भी तरह की जॉब ऑफर या निवेश योजना पर तुरंत विश्वास न करें। खाते की नियमित जांच और पासवर्ड अपडेट को आदत बनाएं।

# लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करें : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मंगलवार को विद्युत विभाग के अफसरो का क्लास लेते हुए विधायक रोहित साहू ने साफ शब्दो में कहा कि लो वोल्टेज की समस्या का समाधान और बिजली कटौती को दुरूस्त करते हुए लाइन सुधार करके विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे। विधायक श्री साहू ने निवास में यह बैठक बुलाया जिसमें संभागीय अभियंता,सहायक यंत्री तथा कनिष्ठ यंत्री पहुंचे। अफसरो को निर्देश देते हुए कहा ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### छपोराडीह में डीजे डांस प्रतियोगिता कल

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह (सिरपुर) में नव युवा एवं दुर्गा समिति द्वारा 4 सितंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन तिरंगा चौक में किया गया है। मंच का संचालन शिक्षक बाबूलाल ध्रुव, भोजराम ध्रुव, मनीष पांडे करेंगे। आयोजककर्ता अध्यक्ष भोजराम ध्रुव, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सचिव विकास साहू, रामकुमार ध्रुव, सियाराम साहू, श्यामलाल यादव, रजन ध्रुव, बलदेव साहू, परसराम पटेल, रथराम साहू, महेश सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू आदि तैयारी में जुटे हुए हैं।

### वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सुखरीडबरी के 5 खिलाड़ियों का चयन

**बागबाहरा।** 4 से 7 सितंबर तक पाटन में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए सुखरीडबरी के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें दारिनी पनुरिया कस्तूरबोड, लोक दामिनी, राज नंदिनी सुखरीडबरी, राधा पटेल दावनबोड, उमाशंकर अनवरपुर ये सभी खिलाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में अध्ययनरत है। इन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ हैं। इसके पूर्व भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी से खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जो क्षेत्र के लिए गौरव का विषय रहा हैं। इन खिलाड़ियों के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक खेल शिक्षा अधिकारी अंजलि बरमाल, संस्था के प्राचार्य कोयल सिंह सबर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता प्रसाद मन्नाडे, विधायक प्रतिनिधि कमल चक्रधारी, संस्था के समस्त स्टॉफ और ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### महाविद्यालय 9 को पुस्तक मेला का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के अन्तर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 9 सितंबर प्रातः 11 बजे से 5 बजे तक पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। विशिष्ट अतिथि संदीप दीवान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, संदीप घोष पार्षद, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, रमेश साहू अध्यक्ष पिटियाझर सोसायटी होंगे। कार्यक्रम में अनेक बुक डीपो द्वारा प्रदर्शन लगाई जाएगी। इसके अलावा सामाजिक एवं धार्मिक संस्था गायत्री परिवार, ब्रह्मकुमारी संगठन, पंतजली चिकित्सालय, बालाजी कृष्ण गोपाल सेवा समिति द्वारा भारतीय धर्म संस्कृति, पाठ्यक्रम संबंधी साहित्य महापुरूषों की जीवनी प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधी पुस्तकें प्रदर्शित की जाएगी। जनसम्पर्क विभाग महासमुंद द्वारा शासन की योजनाओं संबंधी पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं पंपलेट का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। प्राचार्य दुबे एवं संयोजक डॉ.आरके अग्रवाल ने छात्रों, नागरिकों से पुस्तक मेला का लाभ उठाने आव्हान किया है।

**आरोप : ग्रामीणों ने जनदर्शन में पहुंच की भ्रष्टाचार की शिकायत**

# ग्राम पंचायत लफंदी में पीएम आवास योजना में गड़बड़ी रोजगार सहायिका पर लाखों की हेराफेरी का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





- चहेतों व बाहरी लोगों को किया भुगतान

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में गड़बड़ी का आरोप लेकर ग्राम पंचायत लफ़ंदी के ग्रामीणों ने जनदर्शन में पहुंच शिकायत की है। ग्रामीणों ने लफंदी की रोजगार सहायिका पर हितग्राहियों के पैसे गबन करने का आरोप लगया है।

ग्रामीणों ने बताया कि मस्टर रोल में फर्जी नाम जोड़कर लाखों रुपये का बंदरबांट किया गया। जानकारी के अनुसार, पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को 1 लाख 30 हजार रुपये नकद और 25 हजार रुपये मनरेगा मस्टर रोल के माध्यम से दिए जाते हैं। लेकिन लफंदी में रोजगार सहायिका ने असली हितग्राहियों की बजाय अपने चहेतों और यहाँ तक कि गाँव से बाहर रहने वाले लोगों के नाम मस्टर रोल में डालकर भुगतान करवा लिया। जब हितग्राहियों ने ऑनलाइन मस्टर रोल देखा तो गड़बड़ी सामने आई। पैसे की मांग करने पर रोजगार सहायिका ने गोलमोल जवाब दिया और ग्रामीणों को धमकाते हुए कहा कि /"जहाँ शिकायत करनी है कर लो, कुछ नहीं होगा।/"

फर्जी मस्टर रोल क्रमांक 2611 और 5286 समेत कई रोल में फर्जी नाम और भुगतान दर्ज पाए गए हैं। अभी तक लगभग 45 हितग्राही सामने आए हैं। लेकिन ग्रामीण हेमंत व्यास विनोद यदु युगल साहू सियाराम प्रफुल्ल राम रोशन साहू ताम्रध्वज साहू बिरझू राम ध्रुव लीला राम लल्लू साहू एवं अन्य लोगों का कहना है कि जांच में यह संख्या और बढ़ सकती है।

ग्राम सभा की बैठक में मामला उठाने पर पंचायत सचिव ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताकर पल्ला झाड़ लिया। अब ग्रामीण कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुँचकर रोजगार सहायिका को हटाने और हड़पी गई राशि वापस दिलाने की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह घोटाला सिर्फ एक-दो नहीं, बल्कि कई हितग्राहियों से जुड़ा हुआ है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को बख्शा न जाए।

### शिकायत पर करेंगे जांचः रीना

हेमंत व्यास नाम के व्यक्ति ने स्वयं इस बात की शिकायत किया है कि रोजगार सहायक ने उनके नाम का उपयोग कर फर्जी मस्टररोल बनाकर राशि आहरण कर लिए हैं,इस कृत्य से उन्हें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले पर जनपद पंचायत फिंगेश्वर की मनरेगा प्रोग्रामर अधिकारी रीना ध्रुव ने कहा, अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि शिकायत मिलती है तो जांच की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।



## नवापारा में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का किया गया आयोजन

**नवापारा-राजिम।** श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल एवं ईमदाद फाउंडेसन के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लोगो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ने समाज और संस्था के सदस्यों के लिये अपने विभिन्न विभागों के चिकित्सा सेवाओं को निःशुल्क रखा था। श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों के चिकित्सक डॉ. संजय अग्रवाल पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ, डॉ. तुषार बहादुरे, किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ. जोगेश विशनदासानी, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. निशा जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ, इमदाद फाउंडेशन के सदस्य हाजी एजाज खत्री अध्यक्ष,मो रजा भाटी सचिव, शाहिद सुलड़ा कोषाध्यक्ष, हामिद खत्री, हाजी अतहर रिजवी, जावेद खोखर ,नुरूल रिजवी, जुनेद सोलंकी, इस्तियाक ढेबर, तौफीक, अशरफ खत्री मौजूद थे।

### बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हारीडार पूजा को लेकर हुई बैठक

**नर्रा।** अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड समाज सुवरमाल राज के ग्राम बाघामुड़ा में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्कल व राज के सभी पदाधिकारियों ने बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हारीडार पूजा कार्यक्रम को लेकर ग्राम छिबर्रा, बाघामुड़ा में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुवरमाल राज के सभी पदाधिकारियों सहित गोंड़ समाज के महिला पुरूष, युवक युवती शामिल हुए। इस दौरान समाज के सभी सदस्यों के हर घर एवं अन्य राज में आमंत्रण पत्र पहुंचाने के साथ साथ सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्कल व राज में इनकी तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। इस दौरान सर्कल अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने समाज के लोगों को भरपूर सहयोग करने का आग्रह किया।



### कवि नूतन लाल साहू को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

**गरियाबंद।** राजधानी रायपुर के वृंदावन सभागार में 1 सितम्बर को आयोजित शिखर साहित्य अकादमी एवं धरोहर हमारे गौरव के संयुक्त तत्वावधान में लोक कला एवं साहित्य विषय पर एक भव्य वैचारिक संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कवि नूतन लाल साहू को साहित्य, सामाजिक चेतना और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु /"छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान/" से सम्मानित किया गया। समारोह में देशभर से आए साहित्यकारों, पत्रकारों, कलाकारों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि महाराजा कमल चंद्र भंजदेव (राजमहल बस्तर) रहे, जबकि अध्यक्षता नवीन अग्रवाल (अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर) ने की।

# क्षेत्र की सोसायटी में नहीं मिल रही यूरिया खाद, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



क्षेत्र में किसानों को समय पर यूरिया खाद नहीं मिल रही है। रसेला सहित क्षेत्र के सोसायटियों में किसानों को यूरिया खाद नहीं मिलने से हर समितियों के चक्कर लगाने को विवश है। वहीं निजी दुकानदार से महंगे दामों पर यूरिया खाद लेने पर मजबूर हो रहे हैं। अन्नादाता कहे जाने वाले किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। सोसायटियों में यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। संबंधित विभाग इस विषय पर मूकदर्शक बनकर बैठे हुए हैं। क्षेत्र के किसान देवलाल बारिक, वेदव्यास निषाद, बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, राकेश कोमर्रा,धनसाय ध्रुव, राधे सेन, भोजराज नागेश, ठाकुरराम चन्द्राकार, तेजराम साहू, प्रतिराम सिन्हा, मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा सहित क्षेत्र के कृषकगण ने बताया कि प्रतिदिन 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तयकर सारे काम - धाम छोड़कर भूखे प्यासे दिन भर खाद के लिए सोसायटी पर आते हैं और निराश होकर लौट शाम को अपने घर चले जाते हैं। खाद की किल्लत के चलते फसलों को खाद नहीं दे पा रहे हैं। यूरिया की किल्लत से किसान की फसल खराब हो सकती है। जिला प्रशासन के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं और किसान परेशान हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग कि है कि जल्द यूरिया खाद मुहैया करवाई जाए। किसानों का कहना है कि सरकार व प्रशासन नहीं चाहते किसानों का भला हो, क्योंकि किसान आज दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, लेकिन यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने कहा कि इस समय धान गर्भ अवस्था में आने लगा है इस लिए अत्यंत आवश्यक यूरिया की कमी से किसान परेशान हैं। प्रशासन द्वारा खाद की उपलब्धता के दावों के बावजूद, ज़मीनी स्थिति बिल्कुल अलग है। किसानों का कहना है कि अगर इस समय धान की फसल के लिए यूरिया नहीं मिली तो पैदावार पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। क्षेत्र के समस्त किसानों ने कहा है कि 5 दिनों के अंदर सोसायटी में यूरिया खाद नहीं आएगा तो 6 वें दिनों में सड़क पर बैठने के लिए बाध्य हो जाएंगे ।

# एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य, नहीं तो धान खरीदी से हो सकते हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त थी, जो कि कुछ ही दिनों के लिए अभी खुला

एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य है। नहीं कराने पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से वंचित हो सकते हैं। शारान अब एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। कोमाखान के शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी किसानों से अपील की है कि एग्रीस्टेक पंजीयन करा कर किसान पंजीयन करा लें। ताकि, समर्थन मूल्य धान खरीदी से वंचित न हो।

बता दें कि एग्रीस्टेक में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 थी, जो कि कुछ ही दिनों के लिए अभी खुला है। ठाकुर ने बताया कि सभी किसान एवं अमानतदार अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करा लें। ताकि, सभी शासकीय कार्यों, किसान सम्मान निधि, केसीसी ऋण एवं सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा हो सके। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टेक पंजीयन नही होने पर किसान को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने में समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि पंजीयन की प्रक्रिया के लिए किसान अपने नजदीकी सहकारी समिति या किसी भी चॉइस सेंटर में अपना आधार कार्ड और ऋण पुस्तिका लेकर जाए और निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवाएं। एग्रीस्टेक में पंजीयन का उद्देश्य किसानों का एकीकृत डेटाबेस तैयार करना है। ताकि, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुँच सके। इससे धोखाधड़ी, धांधली और गड़बड़ी जैसे घटनाओं को आसानी से रोकने एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में असानी होगी। उन्होंने कहा कि सभी किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। ठाकुर ने यह भी अपील की हैं कि अगानतदारों को बैंक में आसानी से एटीएम कार्ड दिया जा रहा है, उसका लाभ ले। ताकि, कभी भी कही भी एटीएम या समिति के माइक्रो एटीएम से राशि निकाल सके। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक के सामने रामिति द्वारा प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खुला है। जिसमें स्वास्थ से संबंधित सभी आवश्यक दवाई मार्केट दर से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम दाम में उपलब्ध है। सभी समितियों में चॉइस सेंटर का कार्य कर रही है, जिसमें सभी प्रकार की बिल भुगतान, रेलवे टिकट, हवाई टिकट, मोबाइल एवं अन्य रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंहदेव का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के प्रथम उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का महासमुंद आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू समेत समस्त सभापतिगण व पार्षदों ने आत्मीय स्वागत किया। पश्चात शहर के राजनीतिक परिदृश्य को लेकर सिंहदेव ने आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर अमरजीत चावला पूर्व महामंत्री, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, गुलशन साहू, जितेंद्र ध्रुव, सूरज नायक, मुस्ताक खान, राहुल आवड़े, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, राजेश नेताम, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, अब्दुल सूफियान, कान्हा प्रधान, आशीष सिक्का, उकेश प्रजापति, होरी लाल साहू, मैंडी साहू, रफ़ीक, सीतेश साहू, सलीम खान, अजय साहू, बिल्लू सोनी, बिट्टू साहू, हितेश शर्मा आदि उपस्थित थे। पश्चात पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, नगर पालिका अध्यक्ष साहू के गृह निवास पहुंचे। जहां विराजित भगवान श्रीगणेश की उन्होंने पूजा की। उनके निवास पर आत्मीय मुलाकात कर उन्होंने भोजन ग्रहण किया।

**आवास के साथ ही 1 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल करने की मांग**

# ग्रामीण आवास लागत मूल्य बढ़ाने पीएम के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 2016 से जमीनी हकीकत में शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना की लागत आज 2025 में भी केंद्र शासन 1 लाख 20 हजार मान रही है। इसके उलट शहरी आवास की कीमत बढ़ाकर 2 लाख 28 हजार कर चुकी है। जबकि, पूरा सामान घर बनने का शहरों से दूर से जाता है। जिसके कारण लागत और बढ़ जाती है।

अंकित ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे पूरे देश में यूपीएनीत कांग्रेस की केंद्र सरकार के समय 2011 में हुआ। जिसे 2013 में पंचायत से प्रस्ताव पारित करवा लिया गया। इसी की परिणिति ये हुई कि सरकार बदलने के बाद भी अप्रैल 2016 से इसे लागू करना पड़ा और तब से आज दस साल बीत जाने और मंहगाई की सीमा कई गुना बढ़ने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) की लागत आज भी केंद्र की भाजपा सरकार मात्र 1 लाख 20 हजार ही मान रही है और 90 दिन की मनरेगा मजदूरी भी जोड़ दें तो 20 हजार रुपए और जुड़ जाता है। लगातार अपने क्षेत्रीय भ्रमण में ग्रामीणों से चर्चा उपरांत ग्रामीणों ने बताया कि 270 वर्ग फीट का निर्माण आज बहुत महंगा हो चुका है। हमें सामग्री भी शहर से लानी पड़ती है और शहरी आवास को ज्यादा कीमत मिल रही है। ऊपर से साय सरकार ने बिजली मूल्य में भी वृद्धि कर दी है। अब हम गरीब कैसे जिएंगे। इस समस्या से अवगत हो आज तत्काल अंकित बागबाहरा ने देश के प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम बागबाहरा को पत्र सौंपा और मांग की कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की लागत मूल्य बढ़ाकर 3 लाख 25 हजार की जाए और उसमें एक किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र की लागत भी शामिल हो। क्योंकि, वर्तमान में केंद्र और राज्य मिलाकर एक किलोवाट के में लगभग 45 हजार की सब्सिडी दे ही रहे हैं। इस पत्र को अंकित बागबाहरा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी सौंपेंगे। यह ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार नंदिनी वर्मा को सौंपा गया। इस दौरान सरपंच गौरी मुकेश ठाकुर, कोमल बाई सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि हीरादास टंडन, उपसरपंच केवल यादव, पूर्व उपसरपंच देवानंद साहू, गोपाल साहू, गणेश देवांगन, राजू नेताम, हरिश्चंद साहू, सत्यजीत साहू, लोकेश ध्रुव, धनेश लहरे, राहुल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### रोजगार सहायिका...

नहीं बिगाड़ सकता। मैं दूसरे गांव से आती हूं, मुझे खर्चा लगता है। ग्रामसभा में शिकायत के बावजूद पंचायत सचिव ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया, जिसके बाद मंगलवार को ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचा और रोजगार सहायिका को हटाने की मांग के साथ-साथ गबन की गई राशि की वसूली की मांग की। **मुख्यमंत्री का बयान बनाम जमीनी हकीकत-** मालूम हो कि सीएम विष्णुदेव साय इस मामले में बहुत ही कड़क है। कहा है कि इस योजना में फर्जीवाड़ा या रिश्वतखोरी पाई जाती है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि लफंदी ग्राम पंचायत, फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू का गृहग्राम है। जनपद अध्यक्ष के गृहग्राम में रोजगार सहायिका का ऐसा दुस्साहस पूरे गांव को बदनाम करने वाला साबित हो रहा है।

### अवैध गौवंश तस्करी...

की धारा 35(1)(ख) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। **सामाजिक कार्यकर्ताओं की सजगता से टूटा रैकेट-** गौसेवक चुम्मन साहू और मोहित साहू रात में एक्सीडेंटल पशु की सेवा के लिए बोरिद चौक पहुंचे थे, तभी उन्हें उक्त वाहन पर संदेह हुआ। वाहन रोकने पर जब ड्राइवर गोलमोल जवाब देने लगा, तो उन्होंने फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सक्रियता से गौवंश तस्करी की बड़ी साजिश बेनकाब हुई। **क्रूरता और लालच की मिलीजुली बानगी-** गौवंश को जिस तरह बिना किसी देखभाल के, बिना चारे और पानी के, अमानवीय तरीके से ट्रक में ठूंसकर ले जाया जा रहा था, वह पशु क्रूरता का खुला उदाहरण है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अवैध धन कमाने के उद्देश्य से यह तस्करी की जा रही थी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है और आगे भी निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### लो- वोल्टेज समस्या...

कि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाएं। स्वीकृत नई सड़को से विद्युत पोल हटाने की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करे। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन फसल लेने के पूर्व अटल ज्योति योजना के अंतर्गत टुटी एवं फॉल्ट विद्युत लाइनो की मरम्मत जैसे सभी कार्य को दुरूस्त करे। कहा कि जनहित के कार्यो एवं किसानो की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। विधायक के निर्देश के बाद विभाग के अफसरो ने हर काम को समयसीमा में करने के लिए हामी भरी।

**खबर संक्षेप**



## नगर पंचायत छुरा को मिली फव्वारों की सौगात

**छुरा।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर पंचायत छुरा द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर आकर्षक रंग-बिरंगे फव्वारों का उद्घाटन किया गया। इन फव्वारों को आधुनिक लाइटिंग से सजाया गया है, जो न केवल नगर की सुंदरता को निखार रहे हैं बल्कि गणेशोत्सव की रौनक को भी दोगुना कर रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने इस अवसर पर नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये फव्वारे छुरा नगर की पहचान बनेंगे। उन्होंने इसे नगर की एकजुटता, सौहार्द और विकास की दिशा में एक नई पहल बताया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में महिला से मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रमशीला बाई यादव वार्ड नं 16 भाठापारा बम्हवनी ने बताया कि 1 सितंबर की दोपहर करीब 1.30 बजे उसके जेठ के लड़के खिलावन यादव, कमल यादव, मनोज यादव घर के सामने आए और गाली गलौज करने लगे। बाहर आकर जब गाली देने से मना किया तब पुरानी रंजिश को लकेर वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296 , 3(5) , 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**लापरवाही :** तीन दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर गांव-गांव मरीजों का कर रहे ईलाज

# मैनपुर क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का बढ़ता आतंक, स्वास्थ्य व्यवस्था लचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अवैध झोलाछाप डॉक्टरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। करीब तीन दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर बिना किसी मान्यता या डिग्री के मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं और जान का भी जोखिम झेलना पड़ रहा है। इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा कई जगह अवैध क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन समय-समय पर छापेमारी करता है, परंतु इन डॉक्टरों को समय रहते भनक लगने पर वे सटर गिराकर फरार हो जाते हैं, जिससे कार्रवाई अधूरी रह जाती है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मैनपुर और देवभोग के सैकड़ों गांवों में आठवीं पास से लेकर आयुर्वेदिक बीएमएस डिग्रीधारी झोलाछाप डॉक्टर मलेरिया, टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियों का भी असफल इलाज कर रहे हैं। उनके इस अवैध कार्य से बीते चार महीनों में मलेरिया के इलाज के नाम पर हजारों डोज़ बेतहाशा खर्च हो चुके हैं। प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या पर संज्ञान लेने में अनदेखी बरती जा रही है, जबकि झोलाछाप डॉक्टरों की मनमानी बदस्तूर जारी है।

**स्वास्थ्य विभाग की नाकामी प्रशासन से मिलीभगत के आरोप, उपचार के नाम पर मरीज़ों की जान खतरे में**



### स्वास्थ्य विभाग की प्रतिक्रिया और आगामी कार्रवाई

गरियाबंद के जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. यू. एन. नवरत्न ने बताया कि पूरे जिले में 480 से अधिक अवैध क्लीनिक और झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं। विभाग इन पर लगातार नजर रख रहा है और एसडीएम के नेतृत्व में मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में कठोर कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके क्षेत्रीय स्तर पर उचित कार्रवाई में कमी और संरक्षण के आरोप लगते रहे हैं।

### झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार, जानलेवा इलाज

मैनपुर विकासखंड के ओडिशा सीमा से लगे क्षेत्रों जैसे सीतलीजोर, भतराबहली, उरमाल, झरगांव, अमली आदि में झोलाछाप डॉक्टर रोजाना अपने झोले-बैग में दवाइयां लेकर घर-घर इलाज करते पाए जा सकते हैं। हाल ही में ग्राम पेण्ड्रा में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से नस कटने की घटना हुई, जिससे मरीज की मौत हो गई। इसके बावजूद प्रशासनिक कार्रवाई सिर्फ दिखावा बनकर रह गई और आज भी क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं।

# कॉलेज में छात्रों को मिली साइबर अपराधों से सुरक्षा की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम में छात्र-छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अमृत लाल साहू ने साइबर ठगी से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनजान लिंक, एप या फाइल को डाउनलोड करने से बचना चाहिए, ओटीपी और बैंकिंग डिटेल किसी से भी साझा न करें। डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई प्रक्रिया कानून में नहीं है, यदि कोई मामला होता है, तो पुलिस सीधे संपर्क करती है। उन्होंने छात्रों को साइबर हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की। राजिम एसबीआई शाखा की टीम ने छात्रों को बताया कि अपने बैंक खातों की नियमित जांच करें, किसी भी परिस्थिति में एटीएम का ओटीपी साझा न करें। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें और वर्क फ्रॉम होम या ऑनलाइन जॉब के झांसे में न आएं, जिससे फिशिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों से बचा जा सके। आज के डिजिटल युग में छात्र वर्ग साइबर ठगों का आसान टारगेट बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ऑनलाइन गेम्स और फर्जी शॉपिंग साइट्स के जरिए युवा वर्ग से निजी डाटा और पैसे की ठगी हो रही है। ऐसे में साइबर जागरूकता अभियान का शैक्षणिक संस्थानों में आयोजन बेहद जरूरी है, ताकि युवा वर्ग समय रहते सचेत हो सके।





## विद्यार्थी बने पर्यावरण संरक्षक

**छुरा।** छात्र-छात्राएं अपनी रचनात्मकता का उपयोग करके नई चीजें बनाना सीखते हैं। सांस्कृतिक मूल्यों का विकास, पारंपरिक त्योहारों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी रुचि पैदा होती है। नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में त्यौहारों पर जैसे मटका सजावट, पारंपरिक वेशभूषा तथा पर्यावरण जागरुकता हेतु एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन गतिविधियों के अलावा हैंगिंग फ्लावर पॉट, वॉल हैंगिंग मेमोरी टेस्ट, कबाड़ से जुगाड़, रंगोली, खेल खुद कार्यक्रम आदि जैसी पहल की जाती है। नेशनल प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में प्रत्येक शनिवार को गतिविधियों संचालित होता रहता हैं, पर्यावरण रोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों में पर्यावरण जागरुकता रचनात्मकता का विकास , व्यक्तित्व विकास होता है। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार निषाद ने पौधों को प्रकृति का सच्चा श्रृंगार बताया। साथ ही कहा कि हम सभी लोगों को पेड़ों का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए, कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु शाला के छात्र -छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाये एवं संस्था में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सपन्न हुआ।

# नक्सल प्रभावित स्कूलों में बच्चों को मिली शिक्षा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

- रामकृष्ण मिशन आश्रम रायपुर ने वितरित किए 260 स्कूल बैग व अध्ययन सामग्री

गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम, रायपुर के तत्वावधान में 1 सितंबर को शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत 10 गांवों के 13 स्कूलों के बच्चों को 260 स्कूल बैग, कॉपी-पेंसिल सहित अध्ययन सामग्री वितरित की गई। वितरण कार्य स्वामी प्रपत्यानंद जी के निर्देशन में संपन्न हुआ, जो विवेकज्योति मासिक पत्रिका के संपादक भी हैं।

वितरण प्राप्त करने वाले विद्यालयों में कुल्हाड़ीघाट, देवडोंगर, बेसराझर, तुहामेटा, कठवा, भालूकोना, कोनारी, भाठाडिग्गी, गवरमुड़, चलकीपारा और जिड़ार शामिल रहे। इस पहल ने जहाँ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी, वहीं शिक्षकों और ग्रामीणों ने भी इस सेवा को शिक्षा की मशाल बताया जो आने वाले समय में शिक्षा की लौ को जलाए रखेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक एस.एल. कश्यप, लोहराकोट कॉलेज के डॉ. कपिल चंद्रा, गरियाबंद कॉलेज के डॉ. सत्यम कुम्भकार, छुरा कॉलेज के डॉ. विनीत साहू, समाजसेवी शीतल ध्रुव, शिक्षिका गायत्री जगत, और एनएसएस स्वयंसेवक रोहण बंजारे, गौरव ध्रुव और योगेंद्र ठाकुर का विशेष योगदान रहा। सभी ने स्वेच्छा से सेवा भावना के तहत इस कार्यक्रम में सहभागिता दी।




**शिक्षा के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन की पहल-** दूर-दराज़ के इन क्षेत्रों में सरकारी संसाधनों की कमी और नक्सल प्रभाव के चलते बच्चों की शिक्षा बाधित होती रही है। ऐसे में रामकृष्ण मिशन आश्रम की यह पहल बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करती है। स्थानीय शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की मदद से न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि विद्यालयों में उपस्थिति भी बेहतर होती है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)छुरा,
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
Email ID-sdmchhura@gmail.com

**// उद्घोषणा //**

प्रकरण क्रमांक
ग्राम- नवगई दिनांक 21/08/2025

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/ भूमिस्वामी श्री संजय ब्राम्हणकर पिता श्री एस.एस ब्राम्हणकर निवासी श्रवण सुमन हाउस, मकान न. 51, 52, 53 श्रीजी कल्पतरू अमलीडीह, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम-नवगई प.ह.न. 28 तहसील- छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 94, 103 रकबा क्रमशः 1.5500, 1.3900 हेक्टेयर कुल खसरा 02 कुल रकबा 2.9400 हे. भूमि के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आवेदन हेतु संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो, तो वह आपत्ति/ दावा स्वयं या अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सुनवाई तिथि 05/09/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 21.08.2025 को जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
छुरा, जिला गरियाबंद



## खबर संक्षेप

### राज्यस्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए अनुराधा का चयन

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र बासीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अनुराधा ध्रुव का चयन छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा



प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बता दें कि यह छात्रा गोला फेंक, तवा फेंक और भाला फेंक में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त की है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 21 से 25 सितंबर तक होने जा रहा है। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में तीनों खेल में यह छात्रा अनुराधा ध्रुव खेलेगी। छात्रा के चयन होने पर ग्रामवासियो सहित कोच आर एन निर्मल ,प्राचार्य पी आर बाघमार , व्याख्याता के एल मिश्रा, पी के साहू,जे पी गायकवाड़, पी के यादव, एस के ध्रुव, के के साहू, सी एम बंजारे, गौतम पटेल, वी के सूर्यवंशी, योगिता साहू, यू के यादव, एस एल पटेल, आर यादव, सुमन सिन्हा, निर्मला हिरवानी, एस तोमर ,महेश पटेल ,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कुंदन सेन, उपाध्यक्ष वैभव गुप्ता ,पालक समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू ,विवेक झा, रोशन सार्वा,मनोज प्रजापति ने बधाई एवं शुभकामना दी है।

### ठेका कर्मचारी की मौत मुआवजा देने की मांग

**महासमुंद।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन में ठेका कर्मचारी प्रताप बर्मन को रेल विभाग के ठेकेदार द्वारा बिना सेफ्टी उपकरण के रेल गाड़ी के एसी को ठीक करने रेल डिब्बा के ऊपर चढ़ाकर तकनीकी खराबी सुधार करवाया जा रहा था, जो कि हाई वोल्टेज वाली विद्युत तार के संपर्क में आ गया तथा वहां पर उपस्थित अन्य कर्मचारियों द्वारा बचाव करने के बजाय देखते रहे। प्रताप बर्मन घायल अवस्था में स्वतः बचने की प्रयास कर रहे थे कि दोबारा करंट के संपर्क में आने से 90 प्रतिशत झुलस गए तथा ठेकेदार अपने कर्मचारी का त्वरित उपचार कराने के बजाय घटना स्थल से भाग गए। घायल कर्मचारी की अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के लिए बड़ी राशि मांगी गई। गरीब ठेका कर्मचारी के परिजन बड़ी रकम नहीं दे पाए और उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतक के पत्नी व छोटी दुधमुंहे बच्ची है, जो बेसहारा होने के साथ इनके भविष्य अंधकारमय हो गई है। उक्त घटना ठेकेदार व मौके वारदात पर उपस्थित रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से हुई है। साथ रेलवे विभाग द्वारा भी ऐसे ठेकेदारों पर कर्मचारियों को सेफ्टी उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सख्ती नहीं की गई। यदि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया रहता या वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा पहली बार झटका लगने पर ही सुरक्षित बचाने की प्रयास करते तो संभवतः प्रताप बर्मन की मौत नहीं होती। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने केंद्रीय रेल मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महासमुंद को लिखित ज्ञापन के जरिए मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ लापरवाह ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड कर अन्य कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष सुधार करने की मांग की है।

# कनसिंघी में गणेशोत्सव का उल्लास व धूम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला


ग्राम कनसिंघी समेत आसपास के क्षेत्रों में गणेशोत्सव की भव्यता और श्रद्धा का माहौल चरम पर है। जयदेव पोल्ट्री फार्म, मंदिरपारा, श्रीराम चौक, गांधी चौक, टावरपारा सहित हर मोहल्ले और घर-घर में गणपति बप्पा की मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं। सुबह-शाम पूजन और आरती के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा है।

पूजा पंडालों में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन कर अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस उत्सव में केवल हिंदू समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समुदायों के लोग भी पूरे जोश के साथ भाग ले रहे हैं, जिससे सामाजिक समरसता और सामुदायिक एकता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिल रहा है।

**गांव-गांव में श्रीगणेश की स्थापना**







**सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र**

कनसिंघी गांव में प्रतिदिन भजन संध्या, नृत्य, समूह गीत और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें गांव के युवा और बच्चे प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। सांस्कृतिक आयोजनों ने वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया है। बारिश भी गणेश आगमन का शुभ संकेत मानी जा रही है, जिसे लोग आशीर्वाद के रूप में देख रहे हैं।

**प्रशासन ने की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित-** गणेशोत्सव के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन की सतर्कता भी सराहनीय रही है। हर गांव में स्थानीय समिति द्वारा पंडालों की व्यवस्था, विद्युत सज्जा और स्वच्छता का ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की मदद से त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो रहा है।

**कार्रवाई : चैन माउंटेन मशीन और पनडुब्बी जहाज जब्त, खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज की**

# रेत माफियाओं का नया हथियार, पनडुब्बी जहाज से महानदी में कर रहे अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर से लगे पारागांव के महानदी में रेत माफियाओ ने नया तरीका इजात करके रात के अंधेरे में पन्डुब्बी जहाज से महानदी में रेत उत्खनन का काम करने लगे थे। धीरे से यह खबर किसी ने ऊपर तक पहुंचा दिया। खबर मिलते ही रायपुर खनिज विभाग से एक टीम जिसमें खनिज उपसंचालक प्राची अवस्थी के मार्गदर्शन में खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा, सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव, खनिज निरीक्षक हेलेंद्र स्वर्णकार, सुपरवाइजर डीके साहू संबंधित घाट में पहुंचे और कार्रवाई करते हुए चैन माऊंटेन मशीन तथा पन्डुब्बी जहाज को जप्त करके थाना पहुंचाया। अपने आपमें यह अलग तरह का मामला है।

- पंचायत और माफियाओं के बीच मिलीभगत का आरोप ग्रामीणों में रोष

ग्रामीण क्षेत्र के लोग पन्डुब्बी जहाज का नाम सुने जरूर थे मगर पहली बार उन्होने यहां देखा। बताते है ये कारनामा बंगाल से जुड़े लोगो का रहता है। यहां के रेत घाट में भी ऐसे ही लोगो के जुड़े होने की बात सामने आ रही है। देखने वाली बात यह है कि एक छोटे से गांव के महानदी में पन्डुब्बी से रेत खनन का काम हो रहा है और यहां के प्रथम नागरिक सरपंच को जानकारी कै से नही मिली? जबकि पिछले 15 दिनो से इसे माफियाओं द्वारा प्रारंभ किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि खनिज विभाग के इस टीम ने अवैध रेत उत्खनन में लगे 1 चैन माउंटेन मशीन सहित पनडुब्बी जहाज को जब्त कर थाना नवापारा के सुपुर्द किया है।

ग्रामीणो के मुताबिक पारागांव के महानदी में पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधियों के आपसी मिलीभगत के चलते मौन संरक्षण में पखवाड़े भर से नदी में बाढ़ होने के बावजूद रेत का हाइटेक तरीका अपनाकर अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इस क्षेत्र में रेत माफिया नये-नये प्रयोग कर रहे हैं। बरसात की वजह से नदियों में भरपूर पानी होने से हाइवा के आने-जाने के लिए रैम बनाना संभव नहीं है तो अब पनडुब्बीनुमा मशीन और बोट लगाकर पानी के अंदर से रेत निकालने का काम शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक ये पनडुब्बीनुमा मशीन को बोट के सहारे नदी के बीच लगाया गया। फिर पाइप के माध्यम से पानी के अंदर से रेत और पानी को बाहर फेंकने के लिए चालु किया गया। पाइप के सहारे रेत को किनारे पर डंप किया जाता रहा और फिर चेन माउंटेन मशीन द्वारा हाइवा में रेत भरकर अवैध रूप से परिवहन करने लगे। रायपुर खनिज विभाग की क्षेत्रीय टीम क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करती है, लेकिन इसके बाद भी पिछले 15 दिनों से रेत माफिया बेधड़क इस हाइटेक तरीके से चौबीसों घंटे पारागांव से रेत का उत्खनन कर दुगुने दाम पर बेच रहा था।कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में लिप्त लोगों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।





**खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई**

रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में ऐसे ही कुछ घाटो से 13 हाइवा वाहन जब्त किया गया है इसे विभिन्न थानो में खड़ा कराया गया है। यह कार्रवाई 31 अगस्त और 1 सितंबर की दरमियानी रात में आरंग, नवापारा क्षेत्र में की गई। इस दौरान रेत से भरे 8 हाइवा,मुरूम वाली 2 हाइवा तथा गिट्टी वाली 3 हाइवा जब्त किए गए जिसे थाने में खड़ा कराया गया।



# कृषि कॉलेज को लेकर ग्रामीण पहुंचे विधायक निवास, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय की स्थापना को लेकर विवाद तेज़ होता जा रहा है। पहले फिंगेश्वर और किरवई ने अपना दावा पेश किया, और अब पोखरा के ग्रामीणों ने भी मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को पोखरा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचा और ज्ञापन सौंपकर कृषि महाविद्यालय की स्थापना पोखरा में करने की पुरज़ोर मांग रखी।

प्रतिनिधिमंडल में पोखरा, हथखोज, रकशा, परसदा जैसे गांवों के सरपंच, उपसरपंच, किसान प्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे। ग्रामीणों का कहना है कि पोखरा भौगोलिक दृष्टि से केन्द्र में स्थित है और यहां कृषि शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध हैं।

राजिम क्षेत्र के फिंगेश्वर, किरवई और पोखरा तीनों स्थानों की दूरी मात्र 10-15 किलोमीटर के दायरे में है, बावजूद इसके सभी गांव अलग-अलग दावेदारी पेश कर रहे हैं। इस कारण शासन-प्रशासन फैसले से बचता नजर आ रहा है, वहीं राजनेताओं के लिए यह मुद्दा राजनीतिक संवेदनशीलता बन चुका है। फिलहाल सभी को राज्य शासन के आदेश का इंतजार है।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल सरपंच सियाराम साहू, प्रकाश चंदनिया, बलराम भगत, रोमण दास बंजारे, हिराऊराम साहू व अन्य ग्रामीणों ने कहा कि पोखरा की जनसंख्या, सुविधा और केंद्रिय स्थिति को देखते हुए यह स्थान कृषि महाविद्यालय के लिए सर्वोत्तम है। ग्रामीणों ने विधायक से निवेदन किया कि वे इस विषय को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखें।

# सीएम साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का स्वर्णिम युग प्रारंभ : योगेश शर्मा

**देशभर के मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता में दूसरा स्थान, जनविश्वास का ऐतिहासिक प्रमाण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देशभर के मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित योगेश शर्मा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक सर्वे परिणाम नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता के विश्वास की ऐतिहासिक मुहर है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश ने विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ की ओर कदम बढ़ा दिए हैं।

योगेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने अल्प समय में ही शासन, विकास और जनकल्याण



के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। फरवरी 2025 में जहां 39% जनता उनके कार्यों से संतुष्ट थी, वहीं अगस्त 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 41.9% हो गया है। उन्होंने इसे जनसेवा की ऐतिहासिक स्वीकृति बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ही विकास और विश्वास की दृढ़ गारंटी है।

मुख्यमंत्रियों की राष्ट्रीय लोकप्रियता रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आना, यह दर्शाता है कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनता ने तेजी से हो रहे विकास और पारदर्शी शासन को पहचाना है। पंडित योगेश शर्मा के अनुसार, यह रैंकिंग जनसेवा, जनसंपर्क और जमीनी योजनाओं के असर का प्रमाण है।

योगेश शर्मा ने कहा कि गरीब, किसान, युवा, व्यापारी और महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं तेजी से जन–जन तक पहुँच रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे में आए सुधार प्रदेश को स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं।

# यूरिया-खाद की किल्लत व कालाबाजारी के खिलाफ आप ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिले में यूरिया खाद की गंभीर किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ आज 1 सितम्बर 2025 को आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव ने बताया कि गरियाबंद जिले के अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष यह ज्ञापन किसानों की समस्याओं को लेकर प्रस्तुत किया गया। आधे खरीफ सीजन गुजरने के बाद भी किसानों को यूरिया खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है, जबकि इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद उपलब्ध कराने में भी विफल रही है।

कृषि विभाग की असफलता के कारण खाद और यूरिया की उपलब्धता कम होने से किसानों की



परेशानियां बढ़ गई हैं। कई जगह किसानों ने आत्महत्या का प्रयास भी किया है, जो सरकार की उपेक्षा को दर्शाता है। बारिश के महत्वपूर्ण मौसम में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। किसानों को अब तक उनकी आवश्यकता का आधा भी यूरिया नहीं मिल पाया है। जिला आम आदमी पार्टी ने सरकार की गैरजिम्मेदारी को किसानों के प्रति अपराध बताया और कहा कि कर्ज में डूबे किसान इस स्थिति से बेहद चिंतित हैं। प्रचंड बारिश न होने और खाद की कमी से किसानों के खेतों में दरारें पड़ रही हैं, जिससे फसलों की पैदावार पर नकारात्मक असर हो सकता है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति न हो पाने के कारण किसानों को 266 रुपये प्रति किग्रा मिलने वाला यूरिया अब 1200 रुपये तक में खरीदना पड़ रहा है। इसी तरह डीएपी खाद की कीमत भी बढ़कर 1350 रुपये से बढ़कर 2200 रुपये प्रति बैग हो गई है। सहकारी समितियों में भंडारण की कमी और सरकारी असमर्थता से खाद की कालाबाजारी ने किसानों की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव डाला है।

आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार से तत्काल यूरिया एवं खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। यदि किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो पार्टी किसान संगठनों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला यूथ जिलाध्यक्ष हरीश कुमार पटेल, जिला सचिव नंद लाल यादव, जिला संगठन मंत्री दूरवास नेताम तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**साहित्यिक और भाषण प्रतियोगिताओं में कोसमबुड़ा के विद्यार्थियों ने बिखेरा जलवा**

# छुरा के एकलव्य विद्यालयों ने संभाग स्तरीय "उद्भव 2025" में जीते 33 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कोरबा जिले के छुरीकला में आयोजित संभाग स्तरीय 6वीं ई.एम.आर.एस. राष्ट्रीय एवं साहित्यिक कला उत्सव "उद्भव 2025" में छुरा जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा और मैनपुर के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 33 पुरस्कार हासिल किए। इस आयोजन में जिले के 73 छात्र-छात्राओं ने 18 प्रमुख विधाओं में हिस्सा लिया, जिनमें 14 प्रथम, 7 द्वितीय और 12 तृतीय स्थान शामिल हैं।

कोसमबुड़ा के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से साहित्यिक और भाषण प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता पाई। हिंदी और अंग्रेजी भाषण, लोककथा, वाद-विवाद व आशुभाषण में विजेताओं ने जिले का नाम रोशन किया। वहीं सांस्कृतिक विधाओं में भी संगीत गायन, लोक समूह, शास्त्रीय गायन व ऑर्केस्ट्रा में छात्रों ने उत्कृष्टता दिखाई। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय में विजेताओं का भव्य स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने सफलता पर गर्व जताते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों व प्रशिक्षकों को बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस उपलब्धि ने साबित किया कि जनजातीय क्षेत्र के छात्र कला, भाषा और संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर भी कम नहीं।

**सांस्कृतिक एवं संगीत विधाओं में भी विद्यालय ने दिखाया दम**



**साहित्यिक प्रतियोगिताओं में शीर्ष प्रदर्शन-** कोसमबुड़ा विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिंदी भाषण में अमीषा (कक्षा 12) और हर्यांश (कक्षा 6) ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंग्रेज़ी भाषण में रेशमा ध्रुव (कक्षा 9) द्वितीय रहीं। लोककथा अंग्रेज़ी में दीप्ति कंवर (कक्षा 6) ने पहला स्थान प्राप्त किया। हिंदी वाद-विवाद में वेदांश (कक्षा 12) द्वितीय तथा भेष (कक्षा 12) तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेज़ी वाद-विवाद में गीतांजलि ठाकुर प्रथम और मानवी ठाकुर द्वितीय रहीं। आशुभाषण हिंदी में पायल प्रथम तथा एक्सटेम्पोर अंग्रेज़ी में भावना ध्रुव तृतीय स्थान पर रहीं।

**सांस्कृतिक और संगीत विधाओं में अव्वल-** सांस्कृतिक विधाओं में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने कमाल दिखाया। लोक समूह संगीत गायन में गरिमा, भावना, चंद्रहासिनी और वर्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय गायन में गणेश ने प्रथम स्थान, सेमी-क्लासिकल में हर्षिता तृतीय स्थान और जनजातीय संगीत में पोखराज ने तृतीय स्थान पाया। मेलोडिक संगीत वादन में आशीष तृतीय तथा ऑर्केस्ट्रा लोक संगीत समूह में चेश, आशीष, प्रवीण और सोमन की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

